साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया
वर्ष 8, अंक-51 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 26 जनवरी 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

HAPPY 26 JANUARY

सभी प्रदेश वासियों को युवा प्रदेश की ओर से 26 जनवरी एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुंभकामनाएं

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

## नवजात शिशु के शव को गुप्त रूप दफनाना कब दण्डनीय अपराध होता है जानिए/legal advice...

वर्तमान समय की बात करे तो बालिग लड़का- लड़की को लिविंग में रहने से कोई कानून नहीं रोक सकता है ऐसे में बहुत कपल सहमति से शारीरिक संबंध बनाते हैं और वह शादी से पहले नाजायज शिशु को जन्म दे देते हैं और कुछ कपल उस नवजात शिशु को को सहमति से कहीं ठिकाने लगाते है ताकि समाज में वह फिर से इज़्ज़त के साथ जी सके लेकिन वह यह नहीं जानते की उनकी ही नाजायज सन्तान को गुप्त रूप से ठिकाना लगाना उनको महँगा साबित हो सकता है जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 318 की परिभाषा:** जो कोई व्यक्ति किसी नवजात शिशु के मृत शरीर को गुप्त रूप से गाड़ऐगा या किसी को देगा या चुपचाप ठिकाने लगाएगा तब वह व्यक्ति भारतीय दण्ड संहिता की धारा 318 के अंतर्गत दोषी होगा।

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 297 के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान:** इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय होते हैं इनकी सुनवाई सेशन न्यायालय द्वारा की जा सकती है सजा- इस धारा के अपराध के लिए अधिकतम दो वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है

**नोट-** भारतीय दण्ड विधि संशोधन विधेयक, 2006 द्वारा दण्ड में दो वर्ष कारावास के स्थान पर पांच वर्ष की कारावास और जुर्माना अधिकतम एक लाख रुपये प्रस्तावित है।

## किसी पीड़ित व्यक्ति को पुलिस के पास जाने से रोकने वाले व्यक्ति के खिलाफ क्या कार्रवाई होगी जानिए/legal advice...

जब कोई दबंग व्यक्ति या कोई दबंग नेता, मंत्री किसी गरीब व्यक्ति पर अत्याचार करता है और उस पीड़ित व्यक्ति को धमकी दे की अगर तुम किसी पुलिस अधिकारी या स्ष्ठरू कलेक्टर के पास गया तो मैं तुम्हें जीने नहीं दूँगा ,इस तरह की धमकी देने वाले व्यक्ति ,नेता, मंत्री के खिलाफ किस कानून के अंतर्गत मामला दर्ज होगा जानिए

**भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 190 की परिभाषा ?**

जो कोई व्यक्ति किसी व्यक्ति को किसी लोक सेवक के पास संरक्षण के लिए जाने से रोकेगा जो उस समस्या का समाधान करने के लिए प्राधिकृत हो अर्थात कोई व्यक्ति किसी गरीब की जमीन पर कब्जा कर लेता है और पीड़ित व्यक्ति को स्ष्ठरू या स्ष्ठह्र के पास जाने से रोकेगा, या कोई व्यक्ति बच्चे का अपहरण करके उसके माता पिता को पुलिस के पास जाने से रोकेगा तब यह अपराध होगा।

Indian Penal Code, 1860 section 190 punishment

यह अपराध असंज्ञेय एवं ज़मानतीय होते है। इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है **सजा-** इस अपराध के लिए अधिकतम एक वर्ष की कारावास या जुर्माना या दिनों से दण्डित किया जा सकता है।

# निवाड़ी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहन सक्सेना स्वीप गतिविधियों के लिए पुरस्कृत

### राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर किया सम्मानित




भोपाल। भारत निर्वाचन आयोग ने निवाड़ी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री रोहन सक्सेना को वर्ष 2023 के दौरान चुनावों के संचालन के कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। दिल्ली के मानेकशां सेंटर में आज आयोजित 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर राष्ट्पति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने श्री रोहन सक्सेना को मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रशस्ति पत्र दिया। श्री रोहन सक्सेना ने निवाड़ी जिले के लिए 100 दिनों की स्वीप कार्यक्रम रणनीति बनाई जिसके तहत महिलाओं, युवाओं, पहली बार के मतदाताओं और प्रवासी श्रमिकों के लिए मतदाता भागीदारी में वृद्धि सुनिश्चित की गई। श्री सकसेना के प्रयासों से निवाड़ी जिले में 2018 विधानसभा निर्वाचन की तुलना में 2023 के चुनावों के कुल मतदान में 5.10% की वृद्धि हुई।

# गाँव को स्वच्छ एवं स्वावलंबी बनाने के लिए एकजुट होना होगा : मंत्री श्री पटेल

### हिरनपुर में 3 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण




**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज नरसिंहपुर जिले के ग्राम हिरनपुर में 3 करोड़ रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। उन्होंने कहा कि गाँव को स्वच्छ एवं स्वावलम्बी बनाने के लिये एकजुट होना होगा। उन्होंने अपने समक्ष नव-मतदाता श्री देवराज ठाकुर से मतदाता शपथ भी दिलवाई। इसके उपरांत उन्होंने पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी एवं अन्य जन-प्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शिता का परिणाम है कि अब गाँव में पक्की सड़कों का जाल बिछ चुका है। बारहमासी सड़कों के कारण आवागमन की सुविधा लोगों को मिली है। गाँव में मूलभूत सुविधाएँ जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, पानी, बिजली, सड़क मिलने लगी है। गाँव अब उपनगर की श्रेणी में आ चुके हैं। मंत्री श्री पटेल ने ग्राम हिरनपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 2 करोड़ 82 लाख रुपये की लागत की 5.4 किमी लम्बाई हिरनपुर से कलमेटा मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का उद्देश्य है कि पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाया जाये।

# चुनौतियों का सामना करें, समाधान खोजें, शत-प्रतिशत प्रयास करें - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने एमपी पीएससी के चयनित अधिकारियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 559 अधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि सभी युवा निरंतर नवाचार करते रहने की प्रवृत्ति के साथ आगे बढ़ें। चुनौतियों का डटकर सामना करें, समाधान खोजें और हल के लिये शत-प्रतिशत प्रयास करें। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाना, सब स्वस्थ और सुखी हों यह प्रयास करना तथा मध्यप्रदेश सभी क्षेत्रों में प्रथम स्थान पर हो इसके लिए समन्वित रूप से प्रयास करना ही हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

रविंद्र भवन में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने कठोर परिश्रम, परिवारों की आशा, आकांक्षा और अपेक्षा के बलबूते परीक्षा में सफलता पाकर राज्य सेवा के लिए चयनित हुए हैं। प्रदेश सरकार ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा कराया है। चयनित अभ्यर्थियों का पुलिस वेरिफिकेशन, मेडिकल चेकअप के साथ ही अन्य प्रमाण पत्रों का सत्यापन का कार्य बहुत ही कम समय में करवाया गया है, जिससे कि चयनित युवा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदाय हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि हाल ही में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है, यह देश में सुशासन की प्राण प्रतिष्ठा है, हम राम राज्य की ओर अग्रसर हैं। आप सुशासन का पाथेय बन रहे हैं, अतः आप सब बधाई के पात्र हैं। समारोह में सौंपा जा रहा नियुक्ति पत्र आपके प्रति विश्वास और आप में निहित संभावनाओं का प्रमाणीकरण है। सबल, सक्षम और सुशासित मध्यप्रदेश बनाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने संवाद में निरंतर अविचल भाव से चलते रहने के लिये प्रथम राष्ट्पति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, चाणक्य, पन्ना धाय और हाल ही में भारत रत्न के लिये चयनित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पुरी ठाकुर का उदाहरण भी दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्?ज्वलित कर तथा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# सुचारु निर्वाचन सम्पन्न कराना राष्ट्र सेवा का पवित्र कार्य - राज्यपाल श्री पटेल




**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मतदाताओं में जागरूकता पैदा करने तथा मतदान प्रक्रिया को जमीनी स्तर पर सुचारु रूप से सम्पन्न कराना राष्ट सेवा का पवित्र कार्य है। इस दिशा में निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे नवाचारों की सराहना की। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को समावेशी और सुगम बनाने के लिए सबके साथ, विश्वास और प्रयासों की जरूरत बताते हुए कोशिश की पराकाष्ठा का आव्हान किया है। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल कुशाभाऊ ठाकरे कंवेंशन सेंटर में आयोजित 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जन को मतदाता शपथ दिलाई। निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी स्तरों के अधिकारी-कर्मचारी और आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण किया। आयोग द्वारा लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कॉफी टेबल बुक लोकतंत्र के रंग का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार के विडियो संदेश का प्रसारण भी किया गया। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने विधान सभा 2023 में प्रदेश के मतदाताओं द्वारा 77 दशमलव 82 प्रतिशत मतदान के कीर्तिमान का उल्लेख किया।

# 22जनवरी को दीपावली त्यौहार स्वरूप आयोजित किया गया।

**संवाददाता हेमंत शाक्या**

**संपर्क 6263301848**



**तहसील सुल्तानपुर** – ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर - खमरिया सोहनपुर में दिनांक 22जनवरी 2024 को दीपावली त्यौहार स्वरूप अयोध्या मन्दिर में प्राणप्रतिष्ठा के पावन पुनीत अवसर पर ग्राम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें ग्राम में शोभा यात्रा का स्वागत हुआ। सीता राम लक्ष्मण बने बालक बालिकाओं द्वारा सुंदर झांकी सजाई गई। ग्राम की समस्त माताओं बहनों और भाइयों समेत क्षेत्रवासियों द्वारा सहयोग प्रदाय हुआ।

# नगर सुल्तानपुर में 25जनवरी 2024 को मतदाता दिवस का हुआ आयोजन

**संवाददाता हेमंत शाक्या**

**संपर्क सूत्र 6263301848**



सुल्तानपुर। नगर परिषद सुल्तानपुर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक कैथल द्वारा शपथ दिलाई गई एवं मतदाताओं को जागरूक किया गया एवं मतदाताओं के अधिकार एवं सरकार में अपनी भागीदारी के बारे में बताया गया बिना किसी लोभ लालच के अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए जिससे हमारा लोकतंत्र मजबूत बने एवं हमारे देश का विकास हो इस अवसर पर बी एल ओ सुशील शर्मा सहित नगर के समस्त बी एल ओ एवं नगर परिषद के सभी अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# पूर्व विद्यार्थियों द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय दियावाडी में सभी विद्यार्थियों के लिए सर्दी में गर्म कपड़ों का किया गया योगदान ।

**संवाददाता हेमंत शाक्या**

**संपर्क सूत्र 6263301848**



हमारे द्वारा विद्यालय के पूर्व छात्र/छात्राओं ने जो आज शासकीय सेवा में है उनसे ये बात रखी गई कि विद्यालय लिए कुछ योगदान करना चाहिए। विगत वर्षो से सभी बच्चे अपना योगदान कर रहें हैं इस वर्ष सभी बच्चों को सर्दी में गर्मकपड़े( ट्रैकसूट )वितरण किए। शासकीय प्राथमिक विद्यालय दियावाडी स्कूल के प्रधानाध्यापक सनमान सर के अथक प्रयास भी अभूतपूर्व रहें हैं। वह विद्यालय के कुछ न कुछ विशेष करते रहते हैं।

## सहयोग के लिए आगे आएं महानुभाव

सरपंच सेवंती संतोष शाक्या, डिप्टी रेंजर राजाराम एक्के, देशराज एक्के स्स्ष्ट अध्यक्ष, डी. पी.धुर्वे उप कोषालय अधिकारी, अशोक सरयाम प्रधान आरक्षक, सुग्रीव एक्के आरक्षक, राकेश आरक्षक, अभिमन्यु सरयाम आरक्षक, अभिषेक उइके आरक्षक,रामबाबू जाट कृषक, सीता स्व सहायता समूह दियावाडी, सन्तोष शाक्या सहायक सचिव ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर इन व्यक्तियों द्वारा दिनांक 25/01/2024 को विद्यालय में सहयोग प्रदाय किया गया।




# वन मेले के दूसरे दिन लगभग साढे नौ लाख रुपए के हर्बल औषधियों की बिक्री

**भोपाल।** वन मेले के शुभारंभ से दूसरे ही लगभग साढे नौ लाख रुपए के वनोपज एवं हर्बल उत्पाद से निर्मित औषधियों की बिक्री हो चुकी है। वन मेले की लोकप्रियता दूर दूर तक फैल चुकी है। भोपाल हाट में आयोजित मेले में दूसरे दिन 15 हजार लोगों ने भ्रमण किया। मेले में स्थापित ओ पी डी में बड़ी संख्या में 500 से अधिक आगंतुकों ने निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श प्राप्त किया। सुबह दस से रात्रि नौ बजे तक आयुर्वेद चिकित्सकों तथा अनुभवी वैद्यों ने अपनी सेवाएँ दी। ओ पी डी में आयुर्वेदिक चिकित्सकों तथा अनुभवी वैद्य द्वारा निःशुल्क परामर्श मेले के अंतिम दिन तक जारी रहेगा। मेले में लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र के विन्ध्य हर्बल्स ब्रांड के उत्पादों जैसे शहद, च्यवनप्राश एवं त्रिकुट आदि को उनके प्रभावी असर एवं गुणवता की वजह से आगंतुकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। नर्सरी के औषधीय पौधे भी आगंतुको को आकर्षित कर रहे हैं।









# शिक्षक ने स्वयं के पैसों से खुलवाया बैंक में खाता

**नगर परिषद पहुँचकर बुजुर्ग को दिलाया वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ**



संवाददाता हेमंत शाक्या

सुल्तानपुर। आज के समय में कुछ भी असंभव नही है बस कार्य करने की इच्छा शक्ति होना चाहिए ।यदि आप में कुछ करने की चाहत है तो आप दूसरों का सहयोग कर सकते है नर सेवा, नारायण सेवा के भाव को चरितार्थ करते हुए हायर सेकेंडरी स्कूल सुल्तानपुर में पदस्थ प्राथमिक सुशील शर्मा ने बुजुर्ग व्यक्ति नन्हे लाल का स्वयं के पैसों से बैंक में जाकर खाता खुलवाया ।फिर नगर परिषद पहुँचकर वृद्धावस्था पेंशन योजना का फार्म भरकर जमा करवाया । अब बुजुर्ग को प्रति माह पेंशन योजना का लाभ मिलेगा । शिक्षक सुशील शर्मा का कहना है कि आज भी समाज में कई लोग सरकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित है हमें आगे आकर इन बेसहारा लोगों का सहयोग करना चाहिए । समाज की सेवा करना ही ईश्वर का कार्य है । हमारे महापुरुषों से प्रेरणा लेकर हमेशा राष्ट्र हित में कार्य करना चाहिए । निर्धन ,असहाय लोगों की सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची सेवा है ।






# शिशु एवं मातृ मृत्यु दर पर प्रभावी नज़र रखने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का होगा विलय

**भोपाल ।रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के विलय की स्वीकृति दी गई। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का विलय कर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के रूप में पुनर्गठित किया जायेगा। मेडिकल कॉलेज रूटीन चिकित्सा सेवाएं देने के बजाय अति गंभीर,विशिष्ट उपचार, चिकित्सा शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित कर सकेंगे। शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर की प्रभावी निगरानी हो सकेगी। मेडिकल कॉलेजों की बेस्ट प्रेक्टिसेस का स्वास्थ्य केन्द्रों में उपयोग किया जा सकेगा। मेडिकल कॉलेजों से जिला चिकित्सालयों को संबद्ध करना आसान हो जाएगा। स्वास्थ्य नीति और विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं नियंत्रण में सुविधा मिलेगी। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप में दोनों विभागों के विलय की अनुशंसा की गई थी।

# आदिवासी विकास परिषद छात्र संघ ने हसदेव जंगल की कटाई रुकवाने के लिए राष्ट्रपति महोदया के नाम दिया ज्ञापन

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़।**




सिवनी। छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य क्षेत्र में 137 हेक्टेयर में फैले जंगल में हजारों पेड़ काटे जा चुके हैं। आरोप है कि आने वाले दिनों में यहां 2.50 लाख से अधिक पेड़ काटे जाने हैं। ये पेड़ परसा ईस्ट और कांता बसन (पीईकेबी) कोयला खदान के लिए काटे जा रहे हैं। पीईकेबी को अडानी समूह द्वारा संचालित राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम को आवंटित किया गया है। जैव विविधता से समृद्ध क्षेत्र हसदेव जंगल में 170,000 हेक्टेयर में फैला है, जहां से छत्तीसगढ़ के वन विभाग के अधिकारियों ने 15,000 से अधिक पेड़ों को काटना शुरू कर दिया है। यह जंगल हाथियों, भालू, सरीसृप और अन्य सहित जानवरों की कई प्रजातियों का घर है। साल और महुआ जैसे आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण पेड़ हैं, जो स्थानीय लोगों की आजीविका का भी साधन हैं। वे लोग इन पेड़ों को देवता के रूप में पूजते हैं। इन पेड़ों को काट दिया गया है, जिन्हें 100 से अधिक वर्षों से संरक्षित और संरक्षित किया गया है। हालांकि काटे जाने वाले पेड़ों की आधिकारिक संख्या 15,307 होने का अनुमान है, जबकि स्थानीय लोगों का दावा है कि झाड़ियों और झाड़ियों के रूप में सूचीबद्ध कई छोटे पेड़ों को भी काटा गया है। एकता ने कहा, ÷संभावना है कि वन विभाग के अधिकारी पहले ही 30,000 से अधिक पेड़ काट चुके हैं और आने वाले दिनों में 250,000 अन्य पेड़ काटने का खतरा मंडरा रहा है। आदिवासियों के अधिकारों की लड़ाई के लिए विरोध जारी है, लेकिन आशंका है कि 841 हेक्टेयर में फैले परसा में पेड़ों की कटाई जल्द ही शुरू हो जाएगी।

# शासकीय सीनियर बालक छात्रावास में किया गया विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन



**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

उदयपुरा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासकीय सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास उदयपुरा में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस दौरान छात्रावास के पूर्व छात्र भी उपस्थित रहे। यह संस्था कई वर्षों से अनुसूचित जाति जनजाति छात्रों के लिए प्रारंभ की गई है इनमें रहकर इन छात्रों को उज्जवल भविष्य का निर्माण किया जाता है, जिसमें सभी प्रकार से रूकने एवं खाने की व्यस्था होती है। इस संस्थान की पूरी व्यस्था संस्था अधीक्षक द्वारा की जाती है। इसी उपलक्ष में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी साथी छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम करके उनको विदाई दी। इस उपलक्ष में संस्था के अधीक्षक श्री बैजनाथ इमने, मुख्य अतिथि श्री गोपाल वर्मा जी, सामाजिक कार्यकर्ता रमन वामने जी, पूर्व छात्र विजय, हल्केवीर एवं सभी छात्र उपस्थित रहे।



# अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश का चौथा स्थापना दिवस जिंसी चौराहा रविदास मंदिर भोपाल में मनाया गया



**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**

भोपाल। अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश पूरे प्रदेश में सामाजिक संगठन के नाम से जाना जाता है इस संगठन के माध्यम से विभिन्न मुद्दों को दीपक रूप से उठाया जाता है समाज में फैली कुर्तियां को दूर किया जाता है साथ ही किसी भी सामाजिक व्यक्ति पर हुए अत्याचार के खिलाफ डट कर सामने खड़ा होता है इस संगठन की अपनी-अपनी विभिन्न इकाइयां है विभिन्न पदाधिकारी हैं जो अपने स्तर से समाज के लिए काम कर रहे हैं। दिनांक 21 जनवरी 2024 दिन रविवार को अहिरवार समाज संघ मध्य प्रदेश का चौथा स्थापना दिवस रविदास मंदिर जिंसी चौराहा भोपाल में मनाया गया जिसमें संगठन के विस्तार, नियुक्तियों एवं सामाजिक उत्थान की परिचर्चा विस्तार से की गई। अहिरवार समाज संघ का स्थापना दिवस अहिरवार समाज संघ के संस्थापक पूर्व टी चौधरी अमन सिंह नरवरिया जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है। इस उपलक्ष में अहिरवार समाज संघ संरक्षक




मा. चौधरी अमान सिंह नरवरिया जी, प्रदेश अध्यक्ष मा.अहिरवार जी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती संगीता गोलिया जी, प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुनील बामने जी, आईटी सेल प्रभारी संजेश गोलिया जी एवं सभी अहिरवार समाज संघ के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# यह भव्य राम मंदिर विकसित भारत के उत्थान का साक्षी बनेगा, पीएम ने अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठ समारोह में भाग लिया

**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लिया। मोदी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमजीवी से बातचीत की। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सदियों के बाद आखिरकार हमारे राम आ गए हैं। पीएम मोदी ने इस अवसर पर नागरिकों को बधाई देते हुए कहा, ÷सदियों के धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद, हमारे भगवान राम यहां हैं।÷ प्रधान मंत्री ने कहा कि %गर्भ गृह% के अंदर दिव्य चेतना का अनुभव शब्दों में नहीं किया जा सकता है और उनका शरीर ऊर्जा से स्पंदित है और मन प्राण प्रतिष्ठा के क्षण के लिए समर्पित है। ÷हमारे रामलला अब तंबू में नहीं रहेंगे। यह दिव्य मंदिर अब उनका घर होगा÷, प्रधान मंत्री ने विश्वास और श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि आज की घटनाओं को देश और दुनिया भर के राम भक्तों द्वारा अनुभव किया जा सकता है। मोदी ने कहा, ÷यह क्षण अलौकिक और पवित्र है, वातावरण, पर्यावरण और ऊर्जा हम पर भगवान राम के आशीर्वाद का प्रतीक है।÷ उन्होंने रेखांकित किया कि 22 जनवरी की सुबह का सूरज अपने साथ एक नई आभा लेकर आया है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि 22 जनवरी 2024 केवल कैलेंडर की एक तारीख नहीं है, यह एक नए %काल चक्र% की उत्पत्ति है।%% राम जन्मभूमि मंदिर के पूजन और विकास कार्यों की प्रगति से नागरिकों में नई ऊर्जा का संचार हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा, %%आज हमें सदियों के धैर्य की विरासत मिली है, आज हमें



श्री राम का मंदिर मिला है। उन्होंने रेखांकित किया कि जो राष्ट्र गुलामी की मानसिकता की बेड़ियाँ तोड़ता है और अतीत के अनुभवों से प्रेरणा लेता है वही इतिहास लिखता है। पीएम मोदी ने कहा कि आज की तारीख की चर्चा अब से एक हजार साल बाद की जाएगी और यह भगवान राम का आशीर्वाद है कि हम इस महत्वपूर्ण अवसर के साक्षी हैं। प्रधान मंत्री ने कहा, ÷दिन, दिशाएं, आकाश और हर चीज आज दिव्यता से भरी हुई है÷, उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य समय अवधि नहीं है बल्कि समय पर अंकित होने वाला एक अमिट स्मृति पथ है। श्री राम के हर कार्य में श्री हनुमान की उपस्थिति की बात कहते हुए प्रधानमंत्री ने श्री हनुमान और हनुमान गढ़ी को नमन किया। उन्होंने लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और माता जानकी को भी प्रणाम किया। उन्होंने इस घटना पर दिव्य संस्थाओं की उपस्थिति को स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने आज का दिन देखने में हुई देरी के लिए प्रभु श्री राम से माफी मांगी और कहा कि आज वह खालीपन भर गया है, निश्चित रूप से श्री राम हमें माफ कर देंगे। प्रधानमंत्री ने %त्रेता युग% में संत तुलसीदास के श्री राम की वापसी को याद करते हुए उस खुशी को याद किया जो उस समय की अयोध्या को महसूस हुई होगी। ÷तब श्री राम से वियोग 14 वर्ष तक चला और तब भी असहनीय था। इस युग में अयोध्या और देशवासियों को सैकड़ों वर्षों का अलगाव सहना पड़ा।%% श्री मोदी ने आगे कहा, संविधान की मूल प्रति में श्रीराम मौजूद होने के बावजूद आजादी के बाद लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी गई। प्रधानमंत्री ने न्याय की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए भारत की न्यायपालिका को धन्यवाद दिया। न्याय के अवतार, श्री राम के मंदिर का निर्माण उचित माध्यम से किया गया÷, उन्होंने जोर दिया। प्रधानमंत्री ने बताया कि छोटे-छोटे गांवों समेत पूरे देश में जुलूस निकल रहे हैं और मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। ÷पूरा देश आज दिवाली मना रहा है। हर घर शाम को %राम ज्योति% जलाने के लिए तैयार है÷, मोदी ने कहा। कल राम सेतु के शुरुआती बिंदु अरिचल मुनाई की अपनी यात्रा को याद करते हुए, प्रधान मंत्री ने कहा कि यह वह क्षण था जिसने काल चक्र को बदल दिया। प्रधानमंत्री ने उस क्षण की उपमा देते हुए कहा कि उन्हें विश्वास हो गया कि आज का क्षण भी समय के चक्र को बदलकर आगे बढ़ने वाला होगा। मोदी ने बताया कि अपने 11 दिवसीय अनुष्ठान के दौरान उन्होंने उन सभी स्थानों पर माथा टेकने का प्रयास किया, जहां भगवान राम के चरण पड़े थे। नासिक में पंचवटी धाम, केरल में त्रिप्रयार मंदिर, आंध्र प्रदेश में लेपाक्षी, श्रीरंगम में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर, रामेश्वरम में श्री रामनाथस्वामी मंदिर और धनुषकोडी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने समुद्र से सरयू नदी तक की यात्रा के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने आगे कहा, ÷समुद्र से लेकर सरयू नदी तक, राम नाम की वही उत्सव भावना हर जगह व्याप्त है÷, उन्होंने आगे कहा, ÷भगवान राम भारत की आत्मा के कण-कण से जुड़े हुए हैं।÷ राम भारतीयों के हृदय में बसते हैं।÷ उन्होंने आगे कहा कि एकता की भावना भारत में कहीं भी हर किसी के विवेक में पाई जा सकती है और सामूहिकता के लिए इससे अधिक सटीक सूत्र नहीं हो सकता है। प्रधानमंत्री ने कई भाषाओं में श्रीराम कथा सुनने के अपने अनुभव को याद करते हुए कहा कि राम स्मृतियों, परंपराओं के त्योहारों में हैं. ÷हर युग में लोगों ने राम को जिया है। उन्होंने राम को अपनी शैली और शब्दों में व्यक्त किया है। यह %राम रस% जीवन की धारा बनकर निरंतर प्रवाहित हो रहा है। राम कथा अनन्त है और रामायण भी अनन्त है। रण के आदर्श, मूल्य और शिक्षाएँ हर जगह समान हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, %%आज का अवसर उत्सव का तो क्षण है ही, साथ ही भारतीय समाज की परिपक्वता के अहसास का भी क्षण है। हमारे लिए यह न केवल जीत का बल्कि विनम्रता का भी अवसर है। प्रधानमंत्री ने इतिहास की गुत्थियां समझाते हुए बताया कि किसी देश के इतिहास से संघर्ष का परिणाम शायद ही कभी सुखद होता है।रामलला के इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज की शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव और समन्वय का भी प्रतीक है।

# हमारी सरकार में नारी सम्मान सर्वोपरि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

एक अति निंदनीय घटना में मध्य प्रदेश सिंगरौली में एक सरकारी कार्यक्रम के बाद महिला कर्मचारी से एसडीएम ने अपने जूते के लेस बंधवाए। एक अत्यंत संवेदनशील वीडियो सोशल मीडिया पर वाइरल हुआ है। जिसे गंभीरता से लेते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिंगरौली जिले के चितरंगी एसडीएम असवानराम को तत्काल पद से हटा दिया गया है। वाइरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि सिंगरौली जिले के चितरंगी में वहां के एसडीएम द्वारा एक महिला से खुद के जूते के फीते बंधवाए जा रहे हैं । मामला सामने आने के बाद तुरंत एक्शन लेते हुए मुख्य मंत्री द्वारा तत्काल एसडीएम को हटाने के आदेश जारी कर दिये गए हैं। मुख्यमंत्री ने घटनाक्रम पर कहा है की हमारी सरकार में नारी सम्मानीय है।

# गंधिया के सीतामढ़ी मंदिर के प्रांगण में भक्तों का उमड़ा जन सैलाब

**कैलाश कुमार - सह संपादक**



शहडोल/जयसिंहनगर - इतिहास के पन्नों पर दिनांक 21.1.2024 को ग्राम गंधिया में कलश यात्रा का भव्य आयोजन ग्रामीण जनों द्वारा किया गया ,क्या बच्चे ,क्या महिलाएं, क्या युवक ,क्या युवतियां, बड़े बुजुर्ग सभी भगवान श्री राम के गुणगान करते हुए संगीत में वातावरण में राम नाम के उद्घोष से मन आनंदित हो गया । जहां अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंदिर परिसरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे। राम वन गमन के दौरान भगवान श्री राम जहां एक दिवस के लिए भगवान श्री राम , सीता माता, लक्ष्मण के साथ सीतामढ़ी में एक रात के लिए विश्राम कर इस पावन धरा गंधिया को पवित्र कर गए। इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आज गधिया में ऐसा जन सैलाब भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला जो देखने योग्य था और दिनांक 22.1.24 को विशाल भंडारे मे व्यौहारी विधानसभा के विधायक श्री शरद जुगलाल कोल की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए साथ में प्रशासन के आला अधिकारी वे उपस्थित थे विशाल भंडारे की आयोजन में गांव के प्रबुद्ध जनों के द्वारा किया गया , जिसमें गांव के वरिष्ठ नागरिक जनो के साथ नजदीकी गांव सहित ग्राम गंधिया के सरपंच श्रीमती नीलकली सिंह जी , विष्णु शुक्ला जी , समाजसेवी जनों के द्वारा श्री उद्रसेन सिंह जी , दिनेश सिंह , भगवान दास मौर्य , विजय सिंह, राम प्रताप सिंह , संजय गुप्ता मंडल अध्यक्ष मंडल सीधी ,रुद्र प्रताप सिंह महामंत्री मंडल सीधी, सचिन गुप्ता , सुरेंद्र द्विवेदी, रामदास मौर्य, रामनरेश सिंह , अनिल सिंह , रिंकू तिवारी, शेषमन सिंह , बारेलाल यादव, चरण सिंह , अशोक वर्मा, रामचरण वर्मा , राकेश गुप्ता, सुनैना नामदेव ,रंजना गुप्ता ,पूजा सिंह , भारती सिंह ,रूबी शुक्ला, संगीता सिंह, राज गुप्ता, संजू मौर्य, संतोष कहार , जमुना रैदास, रोहित गोस्वामी ,रमेश गोस्वामी, रामा गिरी और जीवन गिरी सहित उदय सिंह, शिवकुमार तिवारी ,त्रिभुवन सिंह सहित लोगों ने गंधिया के सभी रह निवासियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को नए आयाम पर स्थापित किया जिसे आने वाले समय में गंधिया को इतिहास में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा मे साक्षी के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।



# छात्रों ने की महू यात्रा

**कैलाश कुमार - सह संपादक**



सतना - परम् सम्मानीय, जे. एन. कंसोटिया साहब (IAS) अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन एवं प्रांताध्यक्ष अजाक्स मध्यप्रदेश एवं माननीय, इंजी.एस. एल. सुर्यवंशी साहब प्रांतीय महासचिव (प्रशासन) भोपाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन,अजाक्स कार्यकारिणी सतना द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार अजाक्स सतना द्वारा संचालित sc/st/obc के छात्रों हेतु अजाक्स निःशुल्क कोचिंग कैरियर मार्गदर्शन सेवा R-102,सिविल लाइन कोठी रोड सतना के सभी अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को माननीय,रामकलेश साकेत जिलाअध्यक्ष सतना के नेतृत्व में सतना से 19 जनवरी को चलकर इंदौर पहुंचे। अजाक्स टीम इंदौर जिलाध्यक्ष आदरणीय, करण भगत,जिला सचिव डा. सुनील खरे(प्राध्यापक) विभिन्न साथियों के साथ उपस्थित होकर माला डालकर पदाधिकारीयों का स्वागत किया।एवं इंदौर टीम का सहयोग प्रसंशनीय रहा। दिनांक 20 जनवरी 2024 को अजाक्स के पदाधिकारियों एवं कोचिंग के छात्रों के साथ प्रातः 10 बजे डा. भीमराव अम्बेडकर जी की पावन जन्मस्थली महू इंदौर पहुंचकर दर्शन किये।ट्रस्ट के मुख्य पदाधिकारी राजू आम्रोले ने बाबा साहब के बारे मे व्यापक स्तर पर जानकारी दी। बिभिन्न कार्यक्रम छात्रो एवं अजाक्स पदाधिकारियों के बीच विचार मंच कर बाबा साहब के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। महू बाबा साहब की जन्मस्थली जाने बाले प्रमुख पदाधिकारियों में माननीय, रामकलेश साकेत जिलाध्यक्ष सतना,जवाहर लाल साकेत,कोषाध्यक्ष सतना,अजाक्स महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता कोल जी,श्रीमती रेखा साकेत महासचिव,विनीता आर्या तहसील अध्यक्ष रघुराजनगर,राजकुमार प्रजापति ब्लाकाध्यक्ष रामपुर बाघेलान,सुषमा कोल,सचिता कोल एवं अतुल प्रजापति इत्यादि के साथ 37 छात्र/ छात्राये यात्रा में शामिल रहे।

## शासकीय हाई स्कूल खटपूरा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई गई



**खटपूरा।** शासकीय हाई स्कूल खटपूरा में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान शपथ दिलाई गई शपथ के लिए छात्र/छात्राओं सहित शिक्षकों द्वारा भाग लिया, इस अवसर पर शाला प्रभारी श्री घनश्याम प्रजापति, शाला बूथ लेवल अधिकारी(BLO) श्री योगेश कुमार हनवत ,शिक्षक चरण सिंह बनाफर,अरविंद अहिरवार, कु. नाज़मीन फातिमा, बालक राम अहिरवार आदि द्वारा शपथ ली गई।




6 जनवरी2024 एवं 75वें गणतंत्र दिवस

की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई जय हिन्द जय भारत

हेमंत शाक्य

# अज्ञात लोगों ने लगाई ऑन लाईन दुकान में आग पीड़ित लगा रहा हैं न्याय की गुहार



**कैलाश कुमार - सह संपादक**

शहडोल/जयसिंगनगर - प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि मनीष पिता श्री वाल्मीकि निवासी ग्राम पोंडी पोस्ट बनसुकली थाना सीधी जिला शहडोल का निवासी हैं जो लगभग 1 वर्ष के ऊपर से ग्राम चरहेट में अपना सेंट्रल बैंक की बी.सी कियोस्क का दुकान खोला चला रहा था जिसमें से दिनांक 17 जनवरी 2024 की रात को मनीष अपनी दुकान बंद करके अपने घर चला गया था दूसरे दिन सुबह दिनांक 18 जनवरी 2024 को सुबह 11ः00 बजे जब मनीष अपने दुकान आया तो देखा कि उसकी दुकान पूरी तरह से जल चुकी हैं दुकान में रखी पूरी सामग्री और कैश जलकर राख हो गया हैं जब मनीष ने उसी समय बारीकी से जाँच पड़ताल की तो देखा कि वहीं पर दुकान के बाहर अज्ञात लोगों के द्वारा एक लाइटर छोड़ी गई है और एक लकड़ी में कपड़ा लपेटा मिला है और एक बोतल जो कि शटर के ऊपर है मनीष के द्वारा इस पूरी वारदात की जानकारी संबंधित थाने में दी गई जिसके बाद पुलिस के द्वारा शटर के ऊपर के बोतल को बरामत कर लिया गया हैं जिसमें से पेट्रोल की बदबू भी आ रही थी पुलिस के द्वारा जप्त कर लिया गया है दुकान में लैपटॉप, एचपी प्रिंटर ,एप्शन मंत्रा का डिवाइस लेमिनेशन मशीन, और दराज में कैश 170000 रुपए 3 नग कुर्सी ,बैंकिंग डॉक्यूमेंट था मनीष का कहना है कि घटना की सही जांच करवा कर आग लगाने वाले के ऊपर कार्यवाही की जाए जिससे मुझें न्याय मिल सकें।

## शासकीय हाईस्कूल खटपुरा

(संकुल केंद्र-



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहगंज)
1.प्रभारी प्राचार्य श्री घनश्याम प्रजापति
2 बूथ लेवल अधिकारी (BLO) श्री योगेश कुमार हनवत

## पुलिस कैम्प के पास से बीजीएल के जिंदा सेल बरामद



**बीजापुर।** 16 जनवरी को नक्सलियों द्वारा धर्मावरम कैम्प पर हमला किया गया था. हमले के बाद कैम्प से करीब तीन सौ बीजीएल के जिंदा सेल बरामद किए गए. कैम्प पर नक्सलियों ने करीब एक हजार बीजीएल दागे थे. सुकमा जिले की सीमा पर स्थित धर्मावरम कैम्प लूटने की नियत से ये हमला हुआ था. इस हमले में तीन नक्सलियों की मौत की बात खुद नक्सलियों ने स्वीकारी थी. नक्सलियों ने बड़ी संख्या में जवानों को मारने और घायल करने का भी दावा किया था।

# कुप कटाई के नाम से अवैध रूप से जंगलों की हो रही कटाई,रोक लगाने पहुंचे समस्त ग्रामवासी





**अशोक पटेल की रिपोर्ट**

कोंडागांव केशकाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेखौली में वन विभाग द्वारा अवैध रूप से जंगलों की कटाई हो रही है,जिसे रोक लगाने पहुंचे समस्त ग्रामवासी ग्राम पटेल एवं ग्रामीण जनों का कहना है कि वनाधिकार समिति के असहमति से की जा रही बेधड़क कटाई। टेढ़े-मेढ़े वृक्षों को काटने की अनुमति है लेकिन शानदार एवं बरसों की उम्रदराज सुंदर वृक्षों को काटकर किया जा रहा बर्बाद जो न्यायोचित नहीं है।कुप कटाई की आड़ में छोटे से लेकर बड़े असंख्य मात्रा में वृक्षों को काटकर चट्टा बनाया जा रहा है जिससे आमजन आक्रोश हैं। क्योंकि अधिकांश ग्रामवासी वनों पर आश्रित रहते हैं।इस तरह वनों पर आश्रित ग्रामवासियों के जीविकोपार्जन पर अठखेलियां किया जा रहा है। संबंधित वन रक्षकों के फोन लगाने पर भी नहीं आये वनाधिकारी। वहीं वन रक्षक बीट का कहना है कि बड़ा वृक्ष का उम्र खत्म हो जाने से वृक्ष किस काम की इसलिए बड़ा वृक्ष भी काटा गया है।शासन प्रशासन का मानना है कि ÷जंगल है तो जल है,जल है तो जीवन है÷।यदि इसी तरह जंगल काटा जाय तो क्या जल और जीवन संभव है?यदि संभव है तो आखिर कौन हो सकता है इसका जिम्मेदार।

## दबंगों द्वारा अहिरवार परिवार के साथ की अमानवीय मारपीट पीड़ित से मिलने पहुंचे अनुसूचित जाति कांग्रेस नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष श्री अजय

**मूलचंद मेधोनिया**
**पत्रकार भोपाल**



गोरा। ग्राम गोरा, जिला नर्मदापुरम में गांव के दबंगों द्वारा दलित समाज के संतोष अहिरवार व महिलाओं और बच्चों को मारपीट से गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आज पीड़ित परिवार से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। मान.जिला अध्यक्ष (कांग्रेस अनु.जाति विभाग अजय अहिरवाल) जी ने कहा कि पीड़ित परिवारो को न्याय मिलेगा और,उनकी हर संभव मदद होगी ,दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होगी।

## खुड़खुड़ी के खेल में लाखों के बारे न्यारे...

### ग्रामीणों की गाड़ी कमाई व पूंजी को ले जा रहे हैं, जुआरी.. नहीं होती है ऐसे हुए के खेल में कार्रवाई...



जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर जो कि बड़ाजी थाना के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में इन दोनों दियारी त्यौहार बनाया जाता है, जिसमें परंपरागत तरीके से फसल काटने पश्चात गोवर्धन नामक एक रिवाज का समस्त ग्रामवासियों द्वारा निर्वहन होता है, लगातार तीन दिनों तक सामूहिक रूप से समस्त ग्रामीण मान्यताओं के आधार पर एक मैदान पर त्योहार बनाते हैं, जहां दिन में मेला मंडई से लेकर रात भी सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जाता है। इसी त्यौहार की आड़ लेकर जुआरियों द्वारा खिड़खिड़ी (जुआ) खिलाया जाता है, जिसमें ग्रामीणों की पूंजी वह गाड़ी कमाई जुए में चली जाती है। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार खुड़खुड़ी फड़ लगाने के लिए स्थानीय संबंधित थानों में खुड़खुडी की संख्या देख कर 75 से 80 हजार में 2 दिन के लिए सौदा तय होता है। तब जाकर जुआ खिलाने की अनुमति मिलती है, जो राशि जमा नहीं करते उनके लिए प्रतिबंध होता है, तत्पश्चात दो-दो दिनों तक बेधड़क खुड़खुड़ी रूपी जुआ खिलाया जाता है, सूत्रों की माने तो जब कोई ऐसा करने से मना करने पर खड़खुड़ी खिलाने वाले आकाओ के द्वारा सीधे थाना प्रभारी से बात करने की सलाह दी जाती है, जिससे जिम्मेदार लोगों के ऊपर अनेक सवाल उठने लाजिमी हो जाते हैं। पोटानार में लगातार दो दिनों तक जुआ चलाएंमान रहा है, लंबे समय से छापर भानपुरी, बेलर ,टकरागुडा ,चोडीगुड़ा टाहकापाल, दाबपाल,पोटानार से लेकर अन्य ग्रामीण क्षेत्रों मे आज भी बेधड़क जुआ के फड़ संचालित होते हैं ,जिनकी मनाही नहीं है। विगत दिनों एक प्रतिष्ठित अखबार ने भी प्रमुखता से खबर चलाया था, किंतु पुलिस का ही वृद्ध हस्त प्राप्त है तो ऐसे मामलों में कार्रवाई की बात करना ही मृगतृष्णा साबित होगी। आगामी 24 जनवरी बुधवार को भी छापर भानपुरी मैं दिआरी त्यौहार का मेला है ,उस दिन के लिए भी कखुड़खुड़ी खिलाने वाले मैनेजरो की पहले से तैयारी चालू है ,किंतु सब जानते हुए भी थाने में उन



असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई शुन्य रहती है। वर्षों से जुआ चल रहा है, किंतु कोई ठोस कदम नहीं उठाने जाने की वजह से खुड़खुड़ी वालों के हौसले बुलंद है। जिसका खामियाजा ग्रामीण भुगत रहे हैं, और अपनी पूंजी तथा लंबे समय से एकत्रित किए हुए गाड़ी कमाई भी हार जाते हैं, जिससे ग्रामीणों के घर में आपसी कल का वातावरण बना रहता है। देखना अब यह है कि संबंधित पुलिस थानों के द्वारा ऐसे जुआ के नाम पर लुटेरों पर क्या कार्रवाई होती है अथवा यूं ही खुड़खुड़ी (जुआ) संचालित होते रहेंगे और ग्रामीणों की गाड़ी कमाई जुआरी ले जाते रहेंगे... बाकी अगले अंक में।

# वरिष्ठ पत्रकार एवं शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के सुपौत्र मूलचंद मेधोनिया की मध्यप्रदेश अहिरवार समाज संघ ने किया सम्मान

भोपाल। मध्यप्रदेश के जाने माने अनुसूचित जाति वर्ग के वरिष्ठ समाजसेवी, साहित्यकार जिला नरसिंहपुर तहसील गाडरवारा के चीचली निवासी जो कि अहिरवार समाज के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिन्होंने सन् 1942 में अंग्रेजी सेना से युद्ध किया और अपने शौर्य, वीरतापूर्वक संघर्ष से अंग्रेजी सेना को चीचली राजमहल जो कि गोंड आदिवासी राजा का था। जिसकी रक्षा कर अपने प्राणों की बाजी लगाकर अंग्रेजों को गांव से खदेड़ कर सम्पूर्ण अहिरवार समाज ही नहीं अपितु अनुसूचित जाति वर्ग को गौरवान्वित किया था। जिनके सुपौत्र मूलचंद मेधोनिया को राज्य स्तरीय बैठक में संघ के संस्थापक माननीय श्री चौधरी अमान सिंह नरवरिया जी, माननीय श्री राजेश कुमार चौधरी प्रदेश अध्यक्ष सहित समाज के मुख्य अतिथि, विशेष अतिथियों ने फूल माला पहना कर ,सम्मान पत्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान मेधोनिया जी का मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल जहांगीराबाद भोपाल स्थित संत रविदास मंदिर जिंसी चौराहा पर जहाँ गुरु रविदास अनुयायी जन प्रदेश के जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर के प्रबुद्ध सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों के बीच में इस बाबत किया गया कि वह पत्रकार के रूप में दिन रात कलम चलकर न सिर्फ समाज की वरन् हर वर्ग समुदाय की सेवा करते रहते है। वही इनका आंदोलन अपने पूज्य दादा जी को सम्मान दिलाने के लिए लंबे समय से चल रहा था। जिसे अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन जो कि पूरी दुनिया में कौम का एक धार्मिक संगठन है जिसने संकल्प लिया और सभी सामाजिक संगठनों के प्रमुखों से आवाहन किया कि हमारी कौम का इतिहासिक पूर्वजों का रहा है। जिनका इतिहास छुपाया गया, उनके उत्तराधिकारी परिवार को न उनकी यादगार में स्थान,




स्मारक, मूर्ति कोई अभी तक नहीं बनाया गया। तथा न ही परिवार को सुविधा जो कि सरकार द्वारा अन्य शहीद परिवार समाज ने उक्त आवश्यक मांग को लेकर चरणबद्ध कार्यक्रम करने का भी संकल्प पारित कर अहिरवार समाज के सभी प्रदेश व जिला पदाधिकारियों द्वारा बधाई देते हुए सहयोग आंदोलन में करने की घोषणा की गईं।

# जिला अजाक्स सागर ने माननीय मुख्यमंत्री जी को 26 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया

**कैलाश कुमार - सह संपादक**

सागर - प्रथम वार सागर प्रवास पर आये म.प्र. के मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव जी को पुलिस लाईन हेलीपेड पर जिला अजाक्स संघ सागर ने 26 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया और मांगों पर विचार कर जल्द से जल्द पूर्ण करने का निवेदन किया। माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने जल्दी ही विचार कर निराकरण करने का आश्वासन दिया।

**ज्ञापन में मांग की गई कि**

1. मध्यप्रदेश स्पेशल कौंसिल एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री मनोज गोरकेला द्वारा बनाये गये नवीन पदोन्नति नियम को शीघ्र लागू किया जाए।
2. शासन के अधीनस्थ विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछडे वर्गों के रिक्त बैकलॉक के पदों की पूर्ति की जावे।
3. अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति समय पर दी जावे ताकि पठन पाठन में असुविधा न हो।
4. मध्यप्रदेश के लोकसेवकों के हितों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था शीघ्र लागू की जावे।



5. आरक्षण अनुसार पी.एस.सी. पास अतिथि विद्वानों को नियमितीकरण किया जावे।
6. अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के कलयाण हेतु विशेष घटक योजनाओं में प्रावधानित बजट की शत प्रतिशत राशि का हितग्राही मूलक मद में ही व्यय किया जावे।
7. चिकित्सा शिक्षा विभाग में चिकित्सा महाविद्यालयों का स्वशासीकरण कर विषयवार एवं कालेजवार एकल पोस्ट समाप्त कर दिये गये है। इसलिए इनमें रोस्टर प्रणाली राज्य स्तर पर बनायी जाकर भर्ती की जावे चूकि इन पदों का वेतन भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाता है।
8. चतुर्थ श्रणी के रिक्त पद नियमित पदस्थापना भरे जाने के संबंध में।
9. लोक स्वा. एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संवैधानिक अनुच्छेद 16 (4) (क एवं ख) की निर्धारित म.प्र. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों/जनजातियों एवं अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 का उल्लंघन कर की गई उन नियुक्तियों को शून्यकरणीय घोषित कर बनाये गये नियम को निरस्त किया जावे अथवा इनमें संशोधन कर आरक्षण अधिनियम 1994 में निर्धारित प्रतिशत को लागू किया जावे ताकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पद आरक्षित हो सकें।
10. वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्र. 569 भोपाल दिनांक 6 अक्टूबर 2018 एवं इसके आधार पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रकाशित म.प्र. राजपत्र असधारण क्रमांक 440 भोपाल दिनांक 2 अगस्त 22 में मध्यप्रदेश लोक सेवा अधिनियम 1994 तथा संशोधित अधिनियम 1994 अनुसार संशोधित करने के परिणामस्वरूप चयन कर की गई समस्त भर्तियों को शून्यकरणीय घोषित कर बनाये गये नियम को निरस्त किया जावे अन्यथा इसमें संशोधन का आरक्षण अधिनियम 1994 में निर्धारित प्रतिशत को लागू किया जावे ताकि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पद आरक्षित हो सके।
11. अनुसूचित जाति-जनजाति विशेष बैकलॉग भर्ती अभियान के तहत म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित उच्च शिक्षा विभाग के महाविद्यालयों में वर्ष 2004 से 2006 के मध्य नियुक्त 528 बैकलॉग ससहायक प्राध्यापकों की परीवीक्षा अवधि समाप्त कर नियुक्ति दिनांक से 2 वर्ष अवधि समाप्त कर वेतनमान एवं समस्त लाभ दिया जावे जिस प्रकार पूर्व भी अनारक्षित वर्ग के प्राध्यापकों के प्रकरण में किया गया है भेदभाव की नति समात की जावे।
12. निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू किया जावे।
13. जिन उद्योगों को शासन द्वारा सबसिडी दी जा रही है उनमें आरक्षण अधिनियम 1994 को लागू किया जावे।
14. भूमि सुधार अधिनियम लागू करते हुए जनसंख्या के आधार पर भूमि का आवंटन किया जाकर भागीदारी दी जावे।
15. सिविल जजों की भर्ती में 40 प्रतिशत का मौखिक इंटरव्यू रखकर इंटरव्यू रखकर इंटरव्यू के पास होना अनिवार्य कर दिया गया है जिसके कारण इंटरव्यू में भेदभाव एवं भाई भतीजावादहो रहा है।

# नेतन्याहू ने खारिज किया बाइडेन के फिलिस्तीनी राज्य का विचार

**उम्मीद कायम**

- **दोनों नेताओं के बीच लगभग एक महीने में पहली बार बातचीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बाइडेन ने जोर देकर कहा कि नेतन्याहू के कार्यालय में दो-देशीय समाधान अभी भी संभव है।**

तेल अवीव,एजेंसी

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बार फिर फिलिस्तीनी राज्य बनाने के विचार को खारिज कर दिया है।

बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार उनकी टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ फोन पर हुयी बातचीत के कुछ घंटों बाद आई जिसके बाद अमेरिकी नेता ने संकेत दिया था कि नेतन्याहू अभी भी इस विचार को स्वीकार कर सकते हैं। नेतन्याहू की टिप्पणी से अमेरिका के साथ सार्वजनिक विभाजन गहराता हुआ प्रतीत हो रहा है।

अमेरिका का मानना है कि इजरायल के साथ एक फिलिस्तीनी देश - जिसे "दो-देशीय समाधान" के रूप में जाना जाता है - दीर्घकालिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। लेकिन व्हाइट हाउस ने इस सप्ताह स्वीकार किया कि अमेरिका और इजरायली सरकारें "स्पष्ट रूप से चीजों को अलग तरह से देखती हैं।"

दोनों नेताओं के बीच लगभग एक महीने में पहली बार बातचीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए बाइडेन ने जोर देकर कहा कि नेतन्याहू के कार्यालय में दो-देशीय समाधान अभी भी संभव है।

उन्होंने कहा, "दो-देशीय समाधान कई प्रकार के होते हैं। ऐसे कई देश हैं जो संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हैं... जिनके पास अपनी सेना नहीं है।"शनिवार को नेतन्याहू ने अपने पद को दोगुना कर दिया, जिसे



उन्होंने अपने अधिकांश राजनीतिक करियर के लिए धारण किया था और इस सप्ताह की शुरुआत में दोहराया।

नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, "राष्ट्रपति बाइडेन के साथ अपनी बातचीत में प्रधान मंत्री नेतन्याहू ने अपनी नीति दोहराई कि हमास के नष्ट होने के बाद इज़रायल को गाजा पर सुरक्षा नियंत्रण बनाए रखना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि गाजा अब इजरायल के लिए खतरा पैदा नहीं करेगा। यह एक आवश्यकता है जो फ़िलिस्तीनी संप्रभुता की मांग का खंडन करती है।"प्रमुख इजरायली युद्ध नेता ने गाजा रणनीति को लेकर नेतन्याहू को चुनौती दी है और भविष्य में फिलिस्तीनियों के लिए भय के बारे में बताया क्योंकि युद्ध ने गाजा को नष्ट कर दिया है।

उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान के अचानक हमलों से पता चलता है कि क्षेत्र कितना खतरनाक हो गया है। उन्होंने कहा कि इजरायल को [नदी] जॉर्डन के पश्चिम के पूरे क्षेत्र पर 'सुरक्षा' नियंत्रण बरकरार रखना चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र जिसमें इजरायल के कब्जे वाला वेस्ट बैंक क्षेत्र भी शामिल है।

इन टिप्पणियों से कुछ हलकों में यह आशा कम हो जाएगी कि गाजा संकट के परिणामस्वरूप इजरायली और फिलिस्तीनी नेता राजनयिक वार्ता फिर से शुरू कर सकते हैं और सुप्त शांति प्रक्रिया को फिर से शुरू कर सकते हैं।

विदेश में नेतन्याहू का बढ़ता अलगाव घरेलू युद्ध के लिए समर्थन और हमास द्वारा गाजा के अंदर अभी भी रखे गए अनुमानित 130 बंधकों के भाग्य पर विरोध के बीच आया है।

गौरतलब है कि हमास ने गत वर्ष सात अक्टूबर को दक्षिणी इज़रायल पर अपने हमले में लगभग 1,300 लोगों को मार डाला जिनमे ज्यादातर नागरिक थे और 240 को बंधक बना लिया था।

## इजरायली मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुयी

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के ठिकानों पर शनिवार को हुए इजरायली मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 13 हो गई। एक युद्ध के मामलों में जानकारी रखने वाली एजेंसी ने यह जानकारी दी।सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि 13 हताहतों में वह पांच ईरानी है जिनमें से तीन ने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) में कमांडिंग भूमिका निभाई थी इसके अलावा चार सीरियाई ईरानी मिलिशिया के साथ अनुबंधित थे, दो लेबनानी व्यक्ति, एक इराकी नागरिक और एक सीरियाई तथा एक नागरिक कार्यकर्ता है। इज़रायली मिसाइलों ने शनिवार को समृद्ध माज़ेह वेस्टर्न विला पड़ोस पर हमला किया गया और विशेष रूप से एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया।

# इंडोनेशिया में सड़क दुर्घटना, दो की मौत




जकार्ता,एजेंसी

इंडोनेशिया के मध्य जावा में रविवार को एक बस राजमार्ग से पांच मीटर नीचे लुढ़क गयी, जिसके कारण कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए।

स्थानीय पुलिस ने बताया कि दुर्घटना स्थानीय समय के अनुसार अपराह्न करीब 12:30 बजे पेमलंग रीजेंसी में हुई। पेमलंग पुलिस के उप प्रमुख गुनावान विबिसोनो के अनुसार, जकार्ता से सेमारंग जा रही बस में कुल 26 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस की किसी अन्य वाहन से टक्कर नहीं हुयी थी और दुर्घटना के समय मौसम सुहावना था। उन्होंने कहा कि दो मृतकों और घायलों को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया है।

## फिलीपींस में बाढ़,भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 15

**मनीला, एजेंसी। दक्षिणी फिलीपींस के दवाओ क्षेत्र में भूस्खलन और भीषण बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 15 हो गई है। गत दिन जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गयी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने कहा कि दवाओ डी ओरो प्रांत में 13 और दवाओ शहर में दो लोगों की मौत हो गई। परिषद ने यह भी कहा कि कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। परिषद ने कहा कि मिंडानाओ द्वीप पर दावाओ क्षेत्र के पांच प्रांतों में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से 83 हजार से अधिक परिवार या 349,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। परिषद ने कहा कि सोमवार से गुरुवार तक भारी बारिश के कारण पूरे क्षेत्र में बाढ़ और कई भूस्खलन हुए।**



## पाकिस्तान, सऊदी अरब ने संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण आयोजित किया

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के ओकारा जिले में पाकिस्तानी सेना और रॉयल सऊदी लैंड फोर्सेज के बीच एक संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण शुरू हुआ। पाकिस्तानी सेना ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तानी सेना के मुल्तान कोर द्वारा ओकारा गैरीसन में आयोजित प्रशिक्षण के उद्घाटन पर दोनों देशों की टुकड़ियों ने उल्लेखनीय सैन्य अभ्यास का प्रदर्शन किया। इसमें कहा गया है कि संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से दोनों देशों के सैनिकों को कक्षा सत्रों और सामूहिक युद्ध कौशल में अपने कौशल को निखारने का अवसर मिलेगा।

# बंगलादेश का सबसे बड़ा वार्षिक अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला शुरू

**ढाका, एजेंसी**

बंगलादेश में सबसे बड़ा वार्षिक वाणिज्यिक और व्यापार कार्यक्रम, ढाका अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का 28वां संस्करण रविवार को शुरू हुआ।प्रधानमंत्री शेख हसीना ने राजधानी ढाका के बाहरी इलाके पुरबाचल में स्थित व्यापार मेले का उद्घाटन किया। मेले में बंगलादेश और चीन, भारत, ईरान, पाकिस्तान और सिंगापुर समेत अन्य देशों के सैकड़ों संगठन हिस्सा ले रहे थे। व्यापार मेला एक महीने तक चलेगा।

बंगलादेश की सरकार के वार्षिक कार्यक्रम के रूप में इस आयोजन का उद्देश्य विदेशी खरीदारों को स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन करना है। इस वर्ष के व्यापार मेले में लगभग 330 स्थानीय और विदेशी स्टॉल, मंडप और छोटे मंडप शामिल हैं। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए, सुश्री हसीना ने कुछ गंतव्यों पर निर्भरता कम करने के लिए निर्यात टोकरी के लिए और अधिक नए बाजारों और उत्पादों की खोज की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने 'हस्तशिल्प उत्पाद' को 2024 के लिए वर्ष का उत्पाद घोषित किया।प्रतिभागियों ने कृषि और बागवानी के लिए मशीनरी, उपकरण और सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन, डेयरी उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की।

वाणिज्य मंत्रालय के तहत बंगलादेश के निर्यात संवर्धन ब्यूरो (ईपीबी) ने 1995 में एक महीने तक चलने वाले वार्षिक व्यापार मेले की शुरुआत की।

**आस्था | नेपाल के जानकी मंदिर में 1 लाख दीये जलेंगे; टाइम्स स्क्वायर पर दिखी प्राण प्रतिष्ठा**

# श्रीलंका में जहां रावण ने सीता को रखा, वहां राम-भजन

**राममय जग**

- **भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इसे सेलिब्रेट किया जा रहा है। नेपाल के जनकपुर में जानकी मंदिर को सजाया गया है।**
- **प्रधानमंत्री मोदी की लीडरशिप में 500 साल बाद मंदिर बना है, जो हजारों साल तक रहेगा। मुझे राम मंदिर जाकर खुशी होगी: डेविड**

काठमांडू, एजेंसी

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पूरी हो चुकी है। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इसे सेलिब्रेट किया जा रहा है। नेपाल के जनकपुर में जानकी मंदिर को सजाया गया है। यहां एक लाख से ज्यादा दीपक जलाए जाएंगे। वहीं, न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर भी सेलिब्रेशन शुरू हो चुका है।

श्रीलंका के सीता एलिया मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर पूजा की गई। माना जाता है कि ये वही जगह है, जहां रावण हरण के बाद सीता को रखा था। मंदिर में राम भजन भी किए जा रहे हैं।

वहां भगवान राम के बिलबोर्डस के साथ लोग जय श्रीराम के नारे लगा रहे हैं। भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने हिंदी में ट्वीट कर राम मंदिर की बधाई दी है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को ताइवान के इस्कॉन में भजन कीर्तन किया गया।

न्यूजीलैंड के मंत्री डेविड सीमोर ने जय श्री राम के नारे लगाए। उन्होंने भगवा स्कार्फ गले में लपेट कर पूरे भारत को राम मंदिर के लिए बधाई दी। डेविड ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में 500 साल बाद मंदिर बना है, जो हजारों साल तक रहेगा। मुझे राम मंदिर जाकर खुशी होगी।



फ्रांस की राजधानी पेरिस में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राम भक्तों ने रैली निकाली। ये पेरिस के अहम इलाकों से होते हुए शाम को एफिल टावर पहुंची । रथ यात्रा निकालने से पहले विश्व कल्याण यज्ञ भी हुआ।

मॉरिशस की 48% आबादी हिंदू है। वहां की सरकार ने हिंदुओं को आज रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर 2 घंटे का स्पेशल ब्रेक दिया है। ताकी वो राम मंदिर के कार्यक्रम को देख सकें। आज मॉरिशस के सारे मंदिर में दीए जलाए गए। सभी में राम के नाम का जाप किया गया।

सेलिब्रेशन की शुरूआत मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ ने की। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मंदिर में दीप जलाया है। उन्होंने कहा- आइए हम अयोध्या में राम की वापसी का जश्न मनाते हैं। जय हिंद।

अमेरिका में भी राम के नाम की धूम रहेगी। मिनेसोटा राज्य में भारतीय समुदाय के लोगों ने सोमवार को राम भजन किए। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लेकर अमेरिका में लगभग 300 जगहों पर अयोध्या में हुई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण हुआ। इसके बाद सभी मंदिरों में प्रसाद बांटा गया।

ब्रिटेन में हिंदू समुदाय के लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले कार रैली निकाली। ये रैली वेस्ट लंदन से होते हुए ईस्ट लंदन पहुंची। इसके अलावा आज 100 जगहों पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा का 100 जगहों पर लाइव टेलीकास्ट होगा।

कनाडा के ओंटारियो राज्य के ब्रॉम्पटन और ओकविल में 22 जनवरी को राम मंदिर डे घोषित कर दिया गया है। ब्रॉम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन ने कहा कि राम मंदिर के जरिए हिंदुओं का सदियों पुराना सपना पूरा हो रहा है। ब्रॉम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में लोग भारत और भगवान राम के झंडों के साथ प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलीकास्ट देखते नजर आए।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ ताइवान भी इस समारोह का लाइव टेलिकास्ट कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में श्री दुर्गा मंदिर में श्रद्धालु अयोध्या राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाते नजर आए। इस दौरान मंदिर में राम भजन हुए। इसके अलावा भारतीय मूल के लोग हाथ में झंडे लिए जय श्रीराम कहते नजर आए।

पश्चिमी सिडनी के परramट्टा पार्क और मेलबर्न के किंग्सले पार्क में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। ब्रिस्बेन, पर्थ, एडिलेड और न्यू साउथ वेल्स में भी विश्व हिंदू परिषद के अलावा 25-50 संगठनो ने समारोह आयोजित किए। अफ्रीका के कई देश जैसे केन्या, तंजानिया, यूगांडा और मोजाम्बिक में कार रैली समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# मौका कोई भी हो अगर आपको नजर आना है खूबसूरत और स्टाइलिश, तो जान लें इसके सीक्रेट्स



पार्टी हो, नॉर्मल फ्रेंडस के साथ आउटिंग या फिर वेडिंग, महिलाएं हर एक मौके पर सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनना चाहती हैं, लेकिन इसके लिए सिर्फ महंगे कपड़ों पर खर्च करने से ही बात नहीं बनने वाली और भी कई चीजें होती हैं। इसमें और भी कई दूसरी चीजें जरूरी हैं। अगर आपको भी रहना है अप-टू-डेट, तो जान लें इसके ऐसे ही कुछ सीक्रेट्स।

- बेल्ट हर मौसम की ड्रेस में अट्रैक्टिव बनाते हैं। लैदर और फैब्रिक की बेल्ट ड्रेस में आपके लुक को और ज्यादा स्टाइलिश बनाती है।

- मस्कारा आई मेकअप का बहुत ही जरूरी पार्ट है। अगर आप किसी पार्टी या इवेंट में आई मेकअप नहीं करना चाहती, तो मस्कारा लगाकर भी आंखों की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। मस्कारा हमेशा नीचे से ऊपर की ओर अप्लाई करें।

- टैटू बनवाने की सोच रही हैं, तो स्किन की सेंसिटिविटी चेक करवा लें। वैसे लुक को मॉडर्न टच देने के लिए आप स्टिकर टैटू भी बनवा सकती हैं। टैटू बनवा रही हैं, तो वहां सरसों का तेल या क्रीम लगाकर बनवाएं।

- पहली बार हेयर कट करवा रही हैं, तो थोड़ी रिसर्च कर लें कि आपके फेस कट के हिसाब से किस तरह का लुक आप पर जंचेगा। देखादेखी हेयर कट करवाने की गलती न करें।

- शादी के लिए रेडी हो रही हैं, पार्टी या फिर किसी डे आउटिंग के लिए। मेकअप आपकी स्किन टोन के अनुसार होना चाहिए। वैसे आजकल लाइट या न्यूड मेकअप ज्यादा पसंद किया जा रहा है।

- पार्टी के लिए मेकअप करते वक्त अपने खास फीचर को हाइलाइट करें। जिसके लिए कॉन्ट्योरिंग का इस्तेमाल करें।

- नेचुरल लुक चाहिए, तो बिना मेकअप के कहीं निकलें। सिर्फ फाउंडेशन और ब्लशर से भी आप अपने लुक को खूबसूरत बना सकती हैं।

- क्लासी लुक चाहिए, तो व्हाइट कलर के आउटफिट्स अपने वॉर्डरोब में शामिल करें। व्हाइट शर्ट हो, मिनी या मैक्सी ड्रेस हो या फिर कुर्ता। हर एक में ये कलर हिट एंड फिट है।



# डिशेज जो आपको उंगलियां चाटने पर कर देंगी मजबूर



**अयोध्या का नाम आते ही भगवान राम और माता सीता की तस्वीर आंखों के सामने आ जाती है। राम नगरी अयोध्या धार्मिक स्थल है। यहां हर साल लाखों लोग घूमने आते हैं। इसके साथ ही यहां पर खाई जानें वाली पारंपरिक व्यंजनों की बात ही कुछ और है। अयोध्या में आज के समय में प्रचलित पारंपरिक व्यंजनों की बात की जाए तो इसमें कई डिशेज शामिल हैं, जिनके जायके का जवाब नहीं होता।**

इन्हें लोग यहां बड़े चाव से खाते हैं। अगर आप भी अयोध्या घूमने का प्लान कर रहे हैं, तो एक बार इन पारंपरिक व्यंजनों का लुफ्त जरूर उठाएं।

**दही वड़ा**

अयोध्या में बनने वाले दही वड़ा के लिए उड़द की दाल को पीसकर इसमें ड्राई फ्रूट्स मिलाए जाते हैं। इसके बाद इसे तला जाता है और फिर इसमें ताजा मीठा दही और उसके ऊपर हरी और लाल चटनी डाली जाती है। फिर स्वाद के लिए चाट मसाला, काला नमक, भुना जीरा मिलाया जाता है।आलू टिक्की चाटअयोध्या में मिलने वाली आलू की टिक्की चाट पर पापड़ी, धनिया पत्ती, हरी मिर्च कटी हुई और लाल और हरी चटनी डाली जाती है। इसका स्वाद आप कभी भी भुला नहीं पाएंगे।

**रबड़ी**

अयोध्या की रबड़ी में हरे और काले अंगूर डालें जाते है जिससे यहां की रबड़ी काफ़ी अलग और स्वादिष्ट होती हैं। अगर आप यहां जाते हैं तो इसे जरूर चखें।

**दाल कचौड़ी**

उड़द और मूंग दाल से बनने वाली दाल कचौरी आपको उंगलियां चाटने पर मजबूर कर देंगी इन्हें नहीं चखा तो क्या चखा।

**गोंद का लड्डू**

गोंद को भूनकर बहुत सारे ड्राई फ्रूट्स को मिक्स कर तैयार होने वाला गोंद का लड्डू न सिर्फ स्वाद बल्कि सेहत से भी भरपूर होता है।

**पूड़ी, सब्जी, चावल**

कोई भी नॉर्थ इंडियन थाली चावल, दाल, रोटी, सब्जी, सलाद, रायता, आचार, पापड़ के बिना अधूरी है। वहीं यहां की पारंपरिक थाली में पूड़ी और सब्जी भी शामिल की जाती है।

# पीरियड्स क्रैम्प से राहत दिला सकता है डार्क चॉकलेट

पीरियड्स के दौरान कई महिलाओं को क्रैम्प्स का सामना करना पड़ता है जो उनके रोज के कामों को भी प्रभावित करता है। इसलिए पीरियड्स क्रैम्प्स से राहत पाने के लिए कई बार पेन किलर की मदद लेते हैं जो ज्यादा लेने पर नुकसानदेह भी हो सकता है। इसमें डार्क चॉकलेट काफी मददगार हो सकता है। जानें इसके अन्य दूसरे फायदे। पीरियड्स महिलाओं के जीवन का एक अहम हिस्सा है, जो उनकी फिजिकल हेल्थ के लिए बेहद आवश्यक है। प्रेग्नेंसी न होने की वजह से, महिलाओं में हर महीने यूटेरस की लाइनिंग ब्रेक होती है और इस कारण से ब्लीडिंग होती है। यूटेरस इस लाइनिंग को बाहर निकालने के लिए खुद को कॉन्ट्रेक्ट करता है, जिस कारण से कई महिलाओं को पीरियड क्रैम्प्स का सामना करना पड़ता है। कई बार पीरियड्स क्रैम्प इतना इंटेंस होता है कि इसकी वजह से दिन के रोजमर्रा के कामों में तकलीफ हो सकती है। इसलिए इससे राहत पाने के लिए महिलाएं अक्सर दवाइयों का सहारा लेती हैं, लेकिन बार-बार पेन किलर लेना स्वास्थ्य के लिहाज से काफी हानिकराक हो सकता है। इसलिए पेन रिलीफ के लिए नेचुरल तरीकों को अपनाना अधिक फायदेमंद हो सकता है। वैसे तो, ऐसी कई चीजें हैं, जो पेन रिलीफ में आपकी मदद कर सकते हैं, लेकिन अगर हम आपको बताएं कि आपकी फेवरेट चॉकलेट पीरियड पेन से राहत दिलाने में आपकी मदद कर सकता है तो क्या आप यकीन करेंगे? जी हां, डार्क चॉकलेट खाने से पीरियड क्रैम्प से राहत मिल सकती है। डॉ. क्यूटेरस के नाम से सोशल मीडिया पर मशहूर डॉ. तान्या ने एक पोस्ट शेयर कर बताया कि डार्क चॉकलेट खाने से पीरियड्स के दौरान होने वाले क्रैम्प्स से राहत मिल सकती है, लेकिन इस बात का ख्याल रखें कि यह अनस्वीटेन्ड चॉकलेट हो न कि रेगुलर मिल्क चॉकलेट। इसका कारण यह है कि डार्क चॉकलेट में काफी अधिक मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है, जो पेन रिलीफ में काफी मददगार होता है।

# चीनी से भी ज्यादा मीठा होता है शकरकंद

नाश्ता करना सबके लिए आसान काम नहीं है। दरअसल, सर्दियों में तो ज्यादातर लोगों के पास इतना समय ही नहीं होता कि वो नाश्ता बनाएं और खाएं। ऐसे में हर किसी को लगता कि वो कुछ ऐसा बनाएं जिसे बनाने में ज्यादा समय न लगे और आप इसे आराम से बैठकर खाएं। ऐसा ही नाश्ता हो सकता है ये हाई फाइबर वाला फल है जिसका सेवन आपका पेट भरने के साथ शरीर को एनर्जी देने में मदद कर सकता है। इसके अलावा इसे खाना आपके पेट को हर समय भरा हुआ रखने में मदद कर सकता है। तो, आइए जानते हैं दूध और शकरकंद खाने के फायदे।

ये एक देसी नाश्ता है जिसे सर्दियों में खाना पेट को हमेशा भरा हुआ रखने में मदद करता है। इसे आप कभी भी खा सकते हैं। लेकिन नाश्ते में इसे खाना पेट को भरा रखने में मदद कर सकता है और दिनभर होने वाली क्रेविंग से बचाने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं इन दोनों को खाना आपके मेटाबोलिक रेट के साथ बॉवेल मूवमेंट को भी सही रखने में मदद करता है। इस वजह से ये वेट लॉस करने वाले लोगों के लिए भी हेल्दी नाश्ता है।



शकरकंद को उबालकर रख लें और फिर इसे छील लें। अब दूध गर्म करें और इसमें शकरकंद मिला लें। इसे अच्छी तरह मैश कर लें। चाहे तो और दूध डाल लें और इसे आराम से बैठकर खाएं। इसमें आपको चीनी और बाकी कोई भी चीज डालने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा आप दूध और शकरकंद की खीर बनाकर भी खा सकते हैं। ये बेहद ही टेस्टी और हेल्दी नाश्ता है।

रामलला को पसंद है ये खास खीर, दूध और चावल से होती है तैयार, जानिए आसान रेसिपी

इसके अलावा आप शकरकंद को आग पर पकाकर और इसमें नमक व चाट मसाला मिलाकर भी खा सकते हैं। इसका स्वाद आपका मन खुश कर देगा। तो, अगर आपको दूध नहीं लेना तो आप इस प्रकार से नाश्ते में शकरकंद खा सकते हैं।

# सोने-चांदी की कीमतों पर आया उछाल



नई दिल्ली। भारतीय सर्राफा बाजार में 19 जनवरी 2024 को सोने के भाव में उछाल आया है। सोने का भाव 62207 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 18 जनवरी 2024 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 237 रुपये की कमी देखने को मिली है। चांदी के भाव में भी तेजी आई है। चांदी का भाव 71073 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 18 जनवरी से 175 रुपये की तेजी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 18 जनवरी की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 61970 रुपये थी। 19 जनवरी की सुबह को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 62207 रुपये हो गई है। इसी तरह 18 जनवरी की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 70898 रुपये थी। 19 जनवरी की सुबह को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 71073 रुपये हो गई।

### जानिए क्या हैं भाव

19 जनवरी को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 61958 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 56982 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 46655 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 36391 रुपये हो गई है।



# शेयर बाजार के लिए अमंगल रहा मंगलवार, सेंसेक्स 1053 अंक गिरकर हुआ बंद

नई दिल्ली। मंगलवार का दिन शेयर मार्केट के लिए खास नहीं रहा। बैंकिंग, मिडकैप और सरकारी कंपनियों के स्टॉक्स बड़ी गिरावट के साथ बाजार बंद हुआ। स्मॉल कैप शेयर भी फीके रहे। बाजार बंद होने पर सेंसेक्स 1053 अंकों की गिरावट के बाद 70,370.55 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 333 अंक गिरकर 21,238.80 अंकों पर बंद हुआ है। मार्केट कैप में आठ लाख करोड़ से अधिक की गिरावट दर्ज हुई है।

### हेल्थकेयर सेक्टर में आई तेजी

मंगलवार को ट्रेड में बैंकिंग स्टॉक्स में गिरावट हुई। बैंक निफ्टी 1043 अंक गिरकर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, एफएमसीजी, मेटल्स, एनर्जी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और तेल व गेस सेक्टर से स्टॉक्स में गिरावट रिकॉर्ड की गई। हेल्थकेयर और फार्मा सेक्टर के स्टॉक्स तेजी के साथ बंद हुए हैं।

### स्मॉल कैप शेयर गिरावट के साथ बंद

मिड कैप और स्मॉल कैप शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्ट के पांच स्टॉक्स हरे निशान और 25 लाल निशान पर बंद हुए। निफ्टी के 10 शेयर तेजी और 40 गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं, डॉलर के मुकाबला रुपया भी कमजोर हुआ है। एक डॉलर के मुकाबले रुपया 83.15 पर बंद हुआ।

### मार्केट कैप आठ लाख करोड़ घटा

शेयर मार्केट में गिरावट के चलते निवेशकों को जबरदस्त नुकसान हुआ है। बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का बाजार कैपिटलाइजेशन 366.04 लाख करोड़ रहा है। मंगलवार को निवेशकों को 8.35 लाख करोड़ का नुकसान हुआ है।

# Swiggy से खाना मंगाना होगा महंगा! प्लेटफॉर्म शुल्क बढ़ाने की तैयारी में कंपनी

**बिजनेस डेस्क:** फूड डिलीवरी एग्रीगेटर स्विगी के आईपीओ आने की खबरें लंबे समय से हैं। इसको लाने से पहले ही कंपनी एक ऐसा फैसला लेने जा रही है जो कि इससे खाना मंगाने वाले ग्राहकों पर सीधा असर पड़ेगा। आईपीओ लाने की तैयारियों के बीच स्विगी अपनी प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाने की तैयारी कर रही है। स्विगी इस समय प्लेटफॉर्म फीस के तौर पर 5 रुपए प्रति ऑर्डर ले रही है जिसे सीधा दोगुना करने की तैयारी है और इसे बढ़ाकर 10 रुपए किया जा सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अपनी प्लेटफॉर्म फीस में संभावित इजाफा करने के लिए स्विगी ने टेस्टिंग भी शुरू कर दी है।




**स्विगी पर मौजूदा प्लेटफॉर्म फीस 5 रुपए:** एक छोटे यूजर वर्ग के ऊपर इसकी टेस्टिंग चल रही है और इसे कंपनी की सोची-समझी कारोबारी रणनीति के तहत लिया गया कदम माना जा सकता है। ये ठीक वैसा ही है जब अप्रैल 2023 में स्विगी ने 2 रुपए प्रति यूजर की नॉमिनल फीस लेनी शुरू की थी जिसे कुछ कस्टमर पर लागू किया गया था और बाद में इसे बढ़ाकर सभी ग्राहकों पर लागू कर दिया गया था। इस समय स्विगी पर मौजूदा प्लेटफॉर्म फीस 5 रुपए है स्विगी के प्रवक्ता ने कहा है कि कंपनी ने अपनी प्लेटफॉर्म फीस में इजाफा नहीं किया है और निकट अवधि में कोई बड़ी बढ़ोतरी करने की योजना नहीं है।

# रूफटॉप सोलर पैनल्स लगाने के लिए REC Ltd देगी 1.20 लाख करोड़ तक का कर्ज, शेयरों में आई तेजी

**बिजनेस डेस्क:** महारत्न पावर फाइनेंस कंपनी आरईसी लिमिटेड के शेयरों में आज यानी 24 जनवरी को तेजी देखने को मिल रही है। दरअसल, कंपनी ने 23 जनवरी को कहा कि वह प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना (Pradhan Mantri Suryoday Yojana) के तहत रूफटॉप सोलर पैनल्स लगाने के लिए 1,20,000 करोड़ रुपए तक का लोन देगी। इस खबर के बाद कंपनी के शेयरों में उछाल देखने को मिल रहा है। कंपनी को प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत नोडल एजेंसी बनाया गया है।

### कंपनी के शेयर में उछाल

शेयर बाजार के खुलने के कुछ देर में ही कंपनी के शेयरों में 7 फीसदी का उछाल आया। कंपनी के शेयर आज सुबह बीएई पर 440.75 रुपए पर खुला। कुछ ही देर में REC Ltd का शेयर पिछले बंद भाव से करीब 7 प्रतिशत बढ़कर 464.50 रुपए के हाई पर पहुंच गया।



### REC Ltd के चेयरमैन ने कही ये बात

आरईसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (CMD) विवेक कुमार देवांगन का बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के एक दिन बाद आया है। पीएम मोदी ने ऐलान किया था कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान समारोह के बाद उनका पहला निर्णय एक करोड़ लोगों के घरों की छत पर रूफटॉप सोलर पैनल्स योजना को लॉन्च करना था।

# SBI रिपोर्ट का दावा: राम मंदिर से UP में टूरिज्म को मिलेगा बूस्ट, सालाना 25 हजार करोड़ की होगी कमाई

**नेशनल डेस्क:** अयोध्या धाम में श्रीरामजन्मभूमि पर नवनिर्मित भव्य मंदिर धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में विकास की एक नयी इबारत लिखने को तैयार है वहीं देश दुनिया के करोड़ो रामभक्तों के आकर्षण का केंद्र बनी रामनगरी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। श्रीरामलला की भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने के अगले ही दिन अयोध्या धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ इस कदर उमड़ी कि खुद मुख्यमंत्री को लखनऊ से अयोध्या आकर मंदिर का स्थलीय निरीक्षण करना पड़ा और जिला प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिये जरुरी दिशा निर्देश् देने पड़े। श्रद्धालुओं से अपील की गई कि वे संयम से काम लें, प्रशासन हर रामभक्त को रामलला के दर्शन सुलभ करायेगा। इसके बावजूद हजारों की संख्या में इस ऐतिहासिक उत्सव में भाग लेने पहुंचे श्रद्धालु जय श्रीराम और सीताराम का नारा लगाते हुए मंदिर पहुंच रहे हैं। श्रद्धा की दृष्टि से यह ऐतिहासिक अवसर रहा, साथ ही उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए भी यह बड़ा अवसर बनने जा रहा है। कई देशी और विदेशी रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अयोध्या आने वाले समय में न सिफ श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्डतोड़ वृद्धि दर्ज करने जा रहा है, बल्कि प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाई प्रदान करने वाला है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)